प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 मंगलवार दिनांक 24.08.2025

मुख्य समाचारः–

- राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सत्ताईस अगस्त को राष्ट्रव्यापी खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से आठ लाख युवाओं से करेंगे संवाद।

- सुकमा जिले में भण्डारपदर के जंगल से सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा भारी मात्रा में डंप किए गए हथियार, गोला बारूद और विस्फोटक सामान बरामद किए।

- गरियाबंद की देवभोग पुलिस ने खुटगांव चेक पोस्ट पर करीब दो करोड़ रूपए कीमत के गांजे के साथ पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार।

- प्रदेश में रूक–रूक कर हो रही लगातार बारिश के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित–अगले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर वर्षा होने की संभावना।

<u>खेलो इंडिया संवाद</u>

महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सत्ताईस अगस्त को राष्ट्रव्यापी खेलो इंडिया संवाद का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से देशभर के सोलह सौ अलग–अलग स्थानों पर मौजूद आठ लाख से अधिक युवाओं से संवाद करेंगे।

माय भारत के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी ने रायपुर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के माय भारत द्वारा मुख्य कार्यक्रम उनतीस अगस्त के स्थान पर सत्ताईस अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस महाअभियान की थीम ''युवा भागीदारी, खेल विकास और राष्ट्र

निर्माण'' रखी गई है। यह कार्यक्रम देश के प्रत्येक जिले के दो–दो महाविद्यालयों में आयोजित किया जाएगा, ताकि देश के अलग–अलग हिस्सों के युवाओं को एक 'कॉमन नेशनल प्लेटफॉर्म' से जोड़ा जा सके।

मुख्यमंत्री–'अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना'

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में 'अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना' के तहत शैक्षणिक और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने डीबीटी के माध्यम से एक लाख पैंतालीस हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खातों में उनतालीस करोड़ रूपए से अधिक की राशि भी अंतरित की।

मुख्यमंत्री–सोलर पैनल

छत्तीसगढ़ में अगले साल मार्च तक पांच लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह बात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर में छत्तीसगढ़ सोलर वेलफेयर एसोसिएषन द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'संवाद' कार्यक्रम के समापन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में देष के अग्रणी राज्यों में स्थापित करना है। श्री साय ने बताया कि प्रदेष में अब तक लगभग पंचानवे हजार घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं।

आईपीएस–तबादला

राज्य शासन ने भारतीय पुलिस सेवा के इकतीस अधिकारियों की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। इस फेरबदल में दो महानिदेशक और  छह अतिरिक्त महानिदेशक भी प्रभावित हुए हैं। पवन देव को नगर सेना और नागरिक सुरक्षा तथा अग्निशमन सेवाएं छत्तीसगढ़ के महानिदेशक पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं, गुरजिंदर पाल सिंह को प्रशिक्षण और राज्य पुलिस अकादमी के महानिदेशक की जिम्मेदारी दी गई है।

नक्सली डंप–बरामद

सुकमा जिले में थाना भेज्जी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भण्डारपदर के जंगल सें सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा डंप किए गए हथियार, गोला बारूद और विस्फोटक सामान बरामद किए हैं। इनमें एसएलआर, रायफल, भरमार बंदूक, मस्केट, छह बीजीएल लांचर सहित कुल तेईस हथियार शामिल हैं। इसके अलावा चार सौ बयानवे जिंदा कारतूस, दो सौ चालीस जिलेटिन स्टिक और अट्‌ठारह किलोग्राम गन पाउडर सहित अन्य विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने बताया कि यह कार्रवाई आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिली जानकारी के आधार पर की गई।

गांजा–बरामद

गरियाबंद की देवभोग पुलिस ने खुटगांव अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर चार सौ किलोग्राम गांजे के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। आरोपियों के पास से साढ़े छह लाख रूपए नगद सहित दो वाहन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक खुटगांव नाका के पास वाहनों की तलाशी के दौरान एक चारपहिया वाहन से यह गांजा बरामद किया गया। आरोपी ओड़िशा से गांजा लेकर आ रहे थे।

वहीं, कोंडागांव पुलिस ने गांजा तस्करी के दो अलग–अलग मामलों में लगभग पचपन किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत लगभग अट्‌ठाईस लाख रूपए बताई गई है। इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास छह मोबाइल फोन और दो वाहन भी जब्त किए गए हैं।

इसी तरह, जांजगीर–चांपा जिले में भी दो किलो गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मोटर साइकिल की डिक्की से गांजा ले जा रहा था, जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपए आंकी गई है।

बारिश

प्रदेश में बीते दो दिनों से रूक–रूक कर हो रही लगातार बारिश के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। नदी–नाले उफान पर हैं। इससे कई मार्गों पर आवागमन अवरूद्ध हो गया है। वहीं, राजधानी रायपुर सहित विभिन्न शहरों की निचली बस्तियों में बारिश का पानी भर गया है।

बस्तर संभाग में बारिश के चलते इंद्रावती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। नदी का जल स्तर भी लगातार बढ़ रहा है। जगदलपुर के पुराने पुलिया के ऊपर से भी पानी बहने लगा है। नदी–नाले उफान पर होने के चलते दर्जनों गांवों का सड़क संपर्क भी टूट चुका है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

वहीं, बीजापुर जिले में भी नदी–नालों का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित है। जिले के ग्राम चिन्नाकवाली के पास चिंतावागु नदी की बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को नगर सेना की टीम ने बोट के माध्यम से नदी के दूसरे छोर पर सुरक्षित पहुंचाया।

इधर, मुंगेली जिले के ग्राम पंडरभट्टा में कल खेत से घर लौट रही एक महिला की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

इस बीच, मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेष के अधिकांष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं, कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी बारिश होने की चेतावनी भी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक बारिश की गतिविधियां अगले छह दिनों तक जारी रहेंगी।

## विशेष कार्यक्रम

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से चलाये जा रहे साइबर जागृति अभियान पर कल पच्चीस अगस्त को विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण रात आठ बजकर पन्द्रह मिनट से आठ बजकर तीस मिनट तक होगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## रक्षाबंधन–जवान सम्मान

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में नवा रायपुर अटल नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी में भारतीय सेना के जवानों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोसा मुख्यालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय सेना के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों और सैन्यकर्मियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सैन्यकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने पोस्टकार्ड पर भारतीय सेना के जवानों के लिए अपने हाथों से व्यक्तिगत पत्र और संदेश लिखे।

## अंतिम सावन सोमवार

आज सावन मास का चौथा और अंतिम सोमवार है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक, रूद्राभिषेक और विशेष पूजन कर रहे हैं। अनेक स्थानों पर कांवड़ यात्रा और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अमरकंटक स्थित प्राचीन ज्वालेश्वर महादेव मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद श्रद्धालुओं और कांवरियों से भी मुलाकात की।

## शेर हमला–मौत

बिलासपुर जिले में तखतपुर क्षेत्र के ग्राम बांधा में शेर के हमले से एक युवक की मौत हो गई। मृतक जोगीपुर जंगल के फॉरेस्ट बीट क्षेत्र में बांस करिल काटने और पीहरी लेने गया था। इसी दौरान अचानक शेर ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने और सतर्क रहने की सलाह दी है।

## संक्षिप्त समाचार

- शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा–टीईटी के विरोध में कल पच्चीस अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में ''टीईटी मुक्ति रैली'' निकालने की घोषणा की है। इस दौरान मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री और शिक्षा सचिव के नाम कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

- बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग में फर्जी स्थानांतरण आदेश और फर्जीवाड़े के मामले मे दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक ग्रामीण चिकित्सा सहायक सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

<><><><><>